पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
——————

राज्यपाल जी ने आशुतोष चंद्र पाण्डेय की पुस्तक 'जरा सी देर लगती है' का विमोचन किया

लखनऊः 9 फरवरी, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहां राजभवन स्थित कार्यालय कक्ष में आशुतोष चंद्र पाण्डेय के काव्य संग्रह "जरा सी देर लगती है" का विमोचन किया। अतुकान्त कविताओं के इस युग में आशुतोष जी का पूरा काव्य संग्रह गजल शैली से प्रभावित तुकान्त गीतों का संग्रह है जिसे सहज ही गुनगुनाया जा सकता है। यह संग्रह इतना सार गर्भित है कि कोई भी सहृदय इसे संकलित करना चाहेगा।

काव्य प्रतिभा के धनी आशुतोष जी स्वयं वर्तमान में सचिवालय में अनुसचिव न्याय के पद पर कार्यरत हैं। पुस्तक विमोचन में उनके साथ डॉ0 दिनेश चंद्र अवस्थी महामंत्री राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, डॉ0 नलिन रंजन सिंह एसोसिएट प्रो0 जयनारायण पी0जी0 कॉलेज, श्री शाशीकान्त शुक्ला उपसचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा श्री श्रवण कुमार नगर निगम लखनऊ उपस्थित रहे।

——————

डॉ0 सीमा गुप्ता/राजभवन (139/03)
सम्पर्क सूत्र
8318116361


आशुतोष चन्द्र पाण्डेय
जन्मतिथि : 21 जनवरी, 1973
जन्म स्थान : सुल्तानपुर (उत्तर प्रदेश)
शिक्षा : हाई स्कूल-1987, इन्टरमीडिएट-1989 (प्रभु नारायण राजकीय इंटर कालेज, रामनगर, वाराणसी), कला स्नातक-1992 (इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद), विधि स्नातक 1995 (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी)
स्नातकोत्तर-1997 (हिंदी) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
शिक्षणेत्तर गतिविधि : भूतपूर्व अध्यक्ष, छात्रसंघ, रामनगर निकाय, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी
विशेष अभिरुचि : साहित्य व सुगम संगीत
संप्रति : उत्तर प्रदेश सचिवालय सेवा में अनुसचिव पद पर सेवारत एवं अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश सचिवालय सेवा सीधी भर्ती संघ, लखनऊ
संपर्क सूत्र : 9454413802
वर्तमान पता : 32, 'शिवालय' कैलाश विहार कॉलोनी, कमता, लखनऊ-226028
मेल आईडी : acp21173@gmail.com
रश्मि प्रकाशन
लखनऊ
210
ज़रा-सी देर लगती है
आशुतोष चन्द्र पाण्डेय
ज़रा-सी देर लगती है
आशुतोष चन्द्र पाण्डेय